# दिग्विजयनाथ स्नातकोत्तर महाविद्यालय
# गोरखपुर-273001

(नैक प्रत्यायित 'B ++' श्रेणी)

*सम्बद्ध*

दीनदयाल उपाध्याय गोरखपुर विश्वविद्यालय, गोरखपुर

☎ : 0551-2334549
: 09792987700
e-mail : dnpggkp@gmail.com
website : www.dnpgcollege.edu.in


दिनांकः 13.05.2023

**प्रकाशनार्थ**

## शिक्षक प्रशिक्षुओं द्वारा साक्षरता व स्वच्छता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन

**दिनांक 13.05.2023 गोरखपुर।** दिग्विजयनाथ स्नातकोत्तर महाविद्यालय के बी.एड. विभाग के चतुर्थ सेमेस्टर के प्रशिक्षुओं द्वारा साक्षरता एवं स्वच्छता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन गोरखपुर के भरवालिया बुजुर्ग गाँव में किया गया। सम्पूर्ण कार्यक्रम तीन चरणों में संपन्न हुआ।

कार्यक्रम के प्रथम चरण में प्रशिक्षुओं ने गांव में घूम–घूम कर साक्षरता व स्वच्छता पर साक्षात्कार के माध्यम से सर्वे किया। कार्यक्रम के दूसरे चरण में प्रशिक्षुओ ने महिला स्वास्थ्य, स्वच्छता एवं सुरक्षा; महिलाओं हेतु चलाई जाने वाली विभिन्न योजनाओं जैसे बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओं, कन्या सुमंगला, बेटी कल का भविष्य; जल संरक्षण, नमामि गंगे, कृषि क्षेत्र से जुड़ी किसानों हेतु चलाई जाने वाली सरकारी योजनाओं, डिजिटल साक्षरता, यातायात संबंधी नियमों व सावधानी के संबंध में गाँव के नागरिकों को जानकारी प्रदान करते हुए उन्हें जागरूक किया। जागरूकता के इसी क्रम में बी०एड० प्रशिक्षुओं द्वारा प्रौढ़ शिक्षा एवं सामुदायिक स्वच्छता पर आधारित नुक्कड़ नाटक का मंचन भी किया गया।

कार्यक्रम के तीसरे चरण में प्रशिक्षुओं द्वारा स्वच्छता व साक्षरता जागरूकता रैली निकाली गई, जिसके माध्यम से समुदाय के लोगों को साक्षरता व स्वच्छता के महत्व से परिचित कराया गया और सामुदायिक स्वच्छता रखने एवं साक्षरता बढ़ाने हेतु प्रेरित किया गया।

इस अवसर पर बी.एड. विभाग की प्रभारी प्रो. (डॉ.) गीता सिंह, प्रो (डॉ.) शुभ्रा श्रीवास्तव, डॉ सुभाष चंद्र, श्री राकेश कुमार सिंह, श्रीमती शालिनी पारिख तथा श्री प्रभु दयाल सिंह एवम् चतुर्थ सेमेस्टर के सभी शिक्षक–प्रशिक्षु उपस्थित रहे ।

प्रो० (डॉ.) गीता सिंह
प्रभारी
**बी.एड विभाग**

**डॉ.(शैलेश कुमार सिंह)**
**प्रभारी, सूचना एवं जनसम्पर्क**